केन्द्रीय विद्यालय संगठन(मु.)
18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग
नई दिल्ली-110016
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN (Hqrs.)
18, INSTITUTIONAL AREA, SJS MARG
NEW DELHI - 110 016
Ph. 26858570 Fax - 26514179
www.kvsangathan.nic.in

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

ई-मेल / स्पीड पोस्ट

File No: 11-Acad029(Misc)/43/2018-Academic/1501-1530 दिनांक: 14.8.2018 16

उपायुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
समस्त संभाग

विषय: संस्कृत सप्ताह 23 से 29 अगस्त, 2018 के आयोजन- के संबंध में

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में आपको सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय विद्यालयों में संस्कृत सप्ताह 23 से 29 अगस्त, 2018 तक मनाया जाएगा | अत: आपसे अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ विद्यालयों में संस्कृत से संबंधित कार्यक्रम निम्नानुसार आयोजित कराना सुनिश्चित करें तथा विद्यार्थियों सहित अध्यापकों को उन कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित करें |

क्र. सं.	विद्यालय स्तर पर आयोजन हेतु प्रस्तावित प्रतियोगिताएं	समूहों की संख्या	प्रत्येक समूह/प्रतिभागी को आवंटित अधिकतम समय
1	संस्कृत श्लोक का पाठ	दो (VI से VIII तथा IX से XII)	3 मिनट
2	प्रश्नोत्तरी	दो (VI से VIII तथा IX से XII)	
3	संस्कृत कथावाचन (पवार पॉइंट प्रस्तुति द्वारा)	दो (VI से VIII तथा IX से XII)	4 मिनट
4	समूह गान	दो (VI से VIII तथा IX से XII)	3 मिनट
5	निबंध लेखन	दो (VI से VIII तथा IX से XII)	90 मिनट
6	नाट्य मंचन/समसामयिक सामाजिक मुद्दे पर व्यंग	एक (VI से XII)	10 मिनट

विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सभी केन्द्रीय विद्यालयों को निदेश जारी करे कि संस्कृत सप्ताह के दौरान सभी दिन प्रार्थना सभा संस्कृत में ही आयोजित करें | दैनिक प्रार्थना के सभी मद जैसे शपथ, आज का विचार, समाचार, विशेष मद, समूह गान इत्यादि संस्कृत में होने चाहिए | सभागार में संस्कृत सप्ताह का बैनर लगाया जाना चाहिए |

सभी विद्यार्थियों को सहभागिता हेतु प्रमाण-पत्र तथा विजेताओं को पुरस्कार दिये जायें | प्रतियोगिताओं में भाग लेने तथा मूल्यांकन हेतु मानक विद्यालय स्तर पर ही निर्धारित किए जाएँ | विद्यालयों में संस्कृत सप्ताह मनाने का विवरण विद्यालय की वैबसाइट पर तत्काल अपलोड किया जाए |

तदनुसार सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के उपायुक्तों को एतदद्वारा निर्देशित किया जाता है कि अपने अधीनस्थ सभी केंद्रीय विद्यालयों को 23 से 29 अगस्त, 2018 तक संस्कृत सप्ताह मनाने, उपर्युक्त प्रतियोगिताओं को आयोजित करने, प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र तथा विजेताओं को पुरस्कृत करने, के निर्देश जारी करें |

विद्यालय स्तर पर आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के विजेता क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा सितंबर / अक्टूबर, 2018 में आयोजित की जाने वाली क्षेत्रीय स्तर की संस्कृत प्रतियोगिता में अपने केन्द्रीय विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे |

यह पत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है |

भवदीय

(ई.प्रभाकर)
संयुक्त आयुक्त(प्रशिक्षण)

प्रतिलिपि:

1. आयुक्त, केविस (मु.) के निजी सचिव को सूचनार्थ |
2. अपर-आयुक्त (शै.), केविस (मु.) के निजी सचिव को सूचनार्थ |
3. उपायुक्त (ईडीपी), केविस (मु.) को इस आशय से प्रेषित कि इसे के.वि.स. की वैबसाइट पर अपलोड करें |
4. गार्ड फाइल

संयुक्त आयुक्त(प्रशिक्षण)